राधे रानी हमें भी बता दे जरा

राधे रानी हमें भी बता दे जरा,
तेरा दीवाना कैसे हुआ साँवरा,
राधे राधे रटे हर घड़ी बांवरा,
तेरा दीवाना कैसे हुआ साँवरा......

तुम ना आये तो जमुना पे आता नहीं,
तुम ना आये तो बंसी बजाता नहीं,
तेरी पानी की लस्सी ओ हस हस पिये,
हम खिलाये तो माखन वो खाता नही,
जादू टोना बता कौन सा है किया,
तेरा दीवाना कैसे हुआ साँवरा,
राधे राधे रटे हर घड़ी बांवरा,
तेरा दीवाना कैसे हुआ साँवरा......

तेरी गलियों के चक्कर लगाने लगा,
रोज बरसाने में वो आने लगा,
चूड़ी वाला कभी मेहंदी वाला कभी,
रूप निशदिन बनाने लगा,
दे जवाब आज तू सोलह आने खरा,
तेरा दीवाना कैसे हुआ साँवरा,
राधे राधे रटे हर घड़ी बांवरा,
तेरा दीवाना कैसे हुआ साँवरा......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32113/title/radhe-rani-hume-bhi-bata-de-jra

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |